अतिक्रमण कृषि उपज मंडी बौछार का सौंदर्यीकरण, जर्जर भवन पर टंगी फटी बरसाती

अतिक्रमण तो हटा, अब कायाकल्प की बाट जोह रही मंडी

नवभारत/ गोटेगांव। अंतर्गत ग्राम पंचायत बौछार में कृषि उपज मंडी कार्यालय की हालत बेहद दयनीय और जर्जर हो चुकी है। छत पर फटी बरसाती दे रही गवाही मंडी कार्यालय की मौजूदा तस्वीरें खुद हालात बयां कर रही हैं। छत से लीकेज रोकने के लिए पिछली बरसात में डाली गई काली बरसाती पन्नी अब जगह-जगह से फटकर लटक रही है। पन्नी की हालत देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि भवन की छत भी लीकेज है। कार्यालय भवन, टीन शेड और माल गोदाम सभी जर्जर हालत में हैं।

सौंदर्यीकरण का इंतजार

मंडी परिसर सौंदर्यीकरण को मोहताज है। प्रदेश सरकार और कृषि विभाग द्वारा सभी मंडियों के कायाकल्प और सौंदर्यीकरण की घोषणा कई बार की जा चुकी है। मंत्री और जनप्रतिनिधि भी मंचों से इसके वादे कर चुके हैं, लेकिन करकबेल मंडी में आज तक काम शुरू नहीं हुआ। किसान और व्यापारी पूछ रहे हैं कि आखिर इस मंडी का नंबर कब आएगा?

अतिक्रमण हटा

27 मई 2026, बुधवार दोपहर को प्रशासन ने जेसीबी मशीन और पुलिस बल की मदद से मंडी परिसर से अतिक्रमण हटाया था। इस कार्रवाई के बाद किसानों को उम्मीद जगी है कि अब शायद मंडी के जर्जर भवन, टीन शेड, माल गोदाम की मरम्मत और बाउंड्रीवॉल निर्माण का काम भी जल्द शुरू होगा। ग्रामीणों और किसानों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि बरसात से पहले मंडी कार्यालय की छत, भवन और परिसर का कायाकल्प कराया जाए, ताकि किसानों को अनाज भंडारण और खरीदी-बिक्री में परेशानी न हो।

मारुति बैन में ले जा रहे थे सागौन,वन विभाग ने दबोचा

तेंदूखेड़ा। जिले की सीमा से लगे रायसेन और सागर जिले के जंगलों से अबैध रुप से कटाई जारी है और सागौन को नरसिंहपुर जिले की सीमा से ले जाकर अन्यत्र बेचा जा रहा है इस बात का जीता जागता उदाहरण है कि विगत दिनों वन परिक्षेत्र बरमान के अंतर्गत वन विभाग की टीम ने एक मारुति वैन एम पी 04 बी ए 2636 को ढिलवार ग्राम पंचायत के अंतर्गत पीपरवानी तिगड्डा से 14 नग सागौन के 0600 घन मीटर अवैध रूप से परिवहन करते हुए जब्त की है। लेकिन मारुति बैन चालक घनश्याम पिता भैरोंप्रसाद काछी वार्ड क्रमांक 08 तेंदूखेड़ा बाहन छोड़कर फरार हो गया जिसकी तलाश जारी है।

कोटवारी भूमि पर बना रहे आंगनवाड़ी

नवभारत/ तेंदूखेड़ा । विगत दिवस कोटवार संघ तहसील इकाई द्वारा तेंदूखेड़ा पुलिस थाने और तहसील कार्यालय में पहुंच कर एक ज्ञापन सौंपा गया है जिसमें उल्लेख किया गया है कि न्यायालय नायब तहसीलदार के अस्थाई स्थगन आदेश की अबहेलना करते हुए ग्राम कोटवारी भूमि पर सचिव ग्राम पंचायत बिजौरा के द्वारा जबरन अतिक्रमण कर आंगनबाडी भवन निर्माण किया जा रहा है। ग्राम पंचायत विजोरा के कोटवार प्रमोद मेहरा पिता नारायण प्रसाद मेहरा ग्राम बिजौरा के मूल निवासी हैं। ग्राम मौजा खैरी प080न0 35 10नि0 चॉवरपाठा तहसील तेंदूखेडा में स्थित भूमि ख0न0 63 रकवा 0.016 30 ख0न0 73,74 रकवा 3.582 हे0 एवं ख0न0 88/2,92 रकवा 0.656 10.656 0 0.186 0 भी कुल रकवा 5.625 0 भूमि राजस्व रिकार्ड कोटवारी सेवा भूमि में दर्ज है। ग्राम पंचायत बिजौरा के अन्तर्गत ग्राम मानकपुर बिजौरा बांसखेडा एवं खैरी के अन्तर्गत आते है। उक्त भूमि के खसरा न0 63 रकवा 0.01680 भूमि सचिव ग्राम पंचायत बिजौरा द्वारा अतिक्रमण कर आंगनबाडी भवन का निमार्ण कराया जा रहा है। उक्त संबंध में न्यायालय नायब तहसीलदार तेंदूखेडा को आवेदन दिया था उक्त भूमि पर हो रहे निमार्ण कार्य को प्रभाव रोकने हेतु अस्थाई स्थगन आदेश जारी किया गया था। इसके बाबजूद भी सचिव द्वारा उक्त आदेश की अबहेलना कर उक्त निमार्ण कार्य नही रोका गया है। तथा गाली गलौच कर रहा है एवं जान से मारने की धमकी दे रहा है।जिसकी तत्काल प्रभाव से जांच कर न्याय की गुहार लगाई गई है।इस मौके पर बड़ी संख्या में कोटवार उपस्थित थे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगा जागरूकता शिविर

नवभारत/ तेंदूखेड़ा। विगत दिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा में समुदाय की महिलाओं स्व-सहायता समूह की सदस्यों आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आशा कार्यकर्ताओं हेतु स्तन कैंसर सर्वाइकल कैंसर एचआईवी एवं एड्स तथा जेंडर आधारित हिंसा विषयों पर एक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 178 प्रतिभागियों जिनमें 166 महिलाओं ने सहभागिता दी ।सभी प्रतिभागियों को मास्क सैनिटरी पैड एवं अल्पाहार वितरित किया गया। शिविर में बी एम ओ डॉ. राजकिशोर पटेल प्रभारी डॉ. दामोदर जाटव डॉ. श्रद्धा मिश्रा (स्त्री रोग विशेषज्ञ) श्रीमती राजेश्वरी मेहरा एवं शफीक कुरैशी सुपरवाइजर द्वारा स्तन कैंसर सर्वाइकल कैंसर एचआईवी एवं एड्स के लक्षण जांच उपचार एवं बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। जेंडर आधारित हिंसा विषय पर नरेंद्र शर्मा कस्तूरी कुशवाहा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम द्वारा जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। जिसमें महिलाओं के अधिकारों सुरक्षा उपायों तथा उपलब्ध सहायता एवं शिकायत निवारण तंत्र की जानकारी दी गई ।शिविर के सफल आयोजन हेतु आवश्यक लॉजिस्टिक एवं व्यवस्थागत सहयोग जीआर टीसी की कंसेशनेयर टीम द्वारा प्रदान किया गया। जिससे कार्यक्रम का संचालन सुचारु रूप से संपन्न हुआ।

स्वास्थ्य केंद्र से नदारत रहते हैं डाक्टर, मरीज होते हैं परेशान

नवभारत/ डोभी। एक तरफ जहां स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को लेकर शासन प्रशासन द्वारा समीक्षा बैठक लेकर व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ चांवरपाठा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले प्रतिष्ठित ग्राम डोभी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डाक्टर की नियमित उपस्थिति ना होने के कारण मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है। डोभी सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों के पीड़ित वर्ग का कहना है कि वैसे भी डोभी में संचालित इस स्वास्थ्य केंद्र में स्टाप की बहुत ही ज्यादा कमी बनीं हुई है। और इसी बीच डाक्टर का ना आना मरीजों को परेशानी का कारण बन जाता है। डोभी से लगे एक दर्जन से अधिक गांवों के लोग यहां पर आकर शासकीय अस्पताल में इलाज कराते हैं लेकिन डाक्टर ना होने के कारण यहां वहां लेकर जाने को मजबूर हो जाते हैं। ग्रामीणों और स्थानीय लोगों का कहना है कि ड्यूटी के मान से यहां पर डाक्टर को रहना बहुत ही जरूरी है।

कथा व्यास का हुआ जोरदार स्वागत

नवभारत/तेंदूखेड़ा। पुरुषोत्तम मास में जगह जगह धार्मिक आयोजन चल रहे हैं इसी श्रंखला के चलते परमपिता परमेश्वर एवं माँ नर्मदा जी की असीम कृपा तथा पूज्य माता पिता के शुभ आशीर्वाद से स्टेडियम ग्राउंड देवरी राजमार्ग में 15 जून तक चलने वाली श्रद्धेय कथा वाचक राष्ट्रीय संत पूज्य विपिन बिहारी महाराज के श्रीमुख से संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का भव्य एवं दिव्यआयोजन को लेकर पहली बार मुख्य यजमान एवं आयोजक पूर्व विधायक संजय शर्मा के देवरी स्थित निवास पर पहुंचे कथा व्यास जी का जोरदार स्वागत किया सपरिवार उनका पुष्पहारों से स्वागत वंदन किया। तथा शाम को विशाल कलश यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित रहे।इस मौके पर पूर्व विधायक संजय शर्मा ने सभी श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील करते हुए कहा है कि श्रीमद्भागवत कथा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं अपितु जीवन को धर्म भक्ति सदाचार एवं आध्यात्मिक चेतना से आलोकित करने वाला अमृतमय महोत्सव है। कथा श्रवण से मन को शांति जीवन में सुख-समृद्धि तथा प्रभु कृपा की अनुभूति प्राप्त होती है। सभी श्रद्धालुजनों धर्मप्रेमी बंधुओ एवं मातृशक्ति से विनम्र आग्रह है कि सपरिवार इस पुण्य अवसर पर पधारकर कथा रस का श्रवण करें एवं पुण्यलाभ अर्जित करें।

एक नजर में

मासूम थैलेसीमिया योद्धा के लिए 25 वर्षीय मनीष ने किया रक्तदान

शहडोल। कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय के थैलेसीमिया एवं सिकल सेल वार्ड में भर्ती सिकल सेल योद्धा संदीप सिंह का हीमोग्लोबिन मात्र 4 ग्राम रह गया था, जिसके लिए तत्काल ओ पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता थी। ब्लड बैंक में भी ओ पॉजिटिव रक्त की उपलब्धता न होने के ऐसे समय में युवक मनीष जायसवाल ने रक्तदान कर मानवता की एक सुंदर मिसाल पेश की। मनीष जायसवाल ने बताया कि यह मेरा दूसरा रक्तदान है। रक्त दान करने के पश्चात मुझे अत्यंत ही प्रसन्नता हुई। मेरे लिए हर्ष का विषय है कि मेरे रगों में बहने वाला खून किसी मासूम को एक नई जिंदगी देने में काम आएगा। लोगों के मन में यह भ्रांतियां रहती है कि रक्तदान से कोई नुकसान होता है तो ऐसा कुछ भी नहीं है बल्कि यह शरीर में अतिरिक्त आयरन को कम करके स्वास्थ्य में सुधार करता है। हमारे शहडोल में ऐसे कई मरीज हैं, जो सिकिल सेल से ग्रसित हैं उन्हें हर 15 दिन में रक्त की आवश्यकता पड़ती है। जिस संख्या में अपने जिले में सिकल सेल के मरीज हैं ब्लड बैंक शहडोल में इतना ब्लड पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हो पाता। वर्तमान में भी रक्त कोष में रक्त की कमी है रक्त न मिलने के कारण आज कई बच्चों को वापस जाना पड़ता है। मेरा युवा पीढ़ी एवं समाज के जिम्मेदार नागरिकों से अनुरोध है आप भी रक्तदान कर किसी मासूम के चेहरे की मुस्कान बनें। निश्वार्थ भाव से की गयी मानव सेवा ही सच्ची सेवा है, इससे बड़ा कोई धर्म नहीं है। मनीष ने बताया कि दिशा वेलफेयर एसोशिएशन शहडोल की अध्यक्ष रूपाली सिंघई द्वारा मासूम बच्चों के लिए सच्ची निष्ठा एवं निश्वार्थ भाव से की गई सेवा से उन्हें यह प्रेरणा मिली है और भविष्य में भी वह रक्तदान करते रहेंगे। ऐसे संवेदनशील और सेवा भाव से परिपूर्ण रक्तदाताओं के कारण ही जरूरतमंद मरीजों को समय पर जीवनदायी रक्त मिल पाता है।

जर्जर पुलिया और ध्वस्त सड़क से ग्रामीणों में आक्रोश

शहडोल। नगर विकास के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद ब्योहारी नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-9 स्थित आदर्श ग्राम न्यू बरौंधा की मूलभूत समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। गांव को नगर से जोड़ने वाली एकमात्र संपर्क सड़क और पुलिया लंबे समय से जर्जर एवं क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ी है, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

एक वर्ष बाद भी नहीं शुरू हुआ निर्माण कार्य -ग्रामीणों के अनुसार जुलाई 2025 में हुई भारी वर्षा के दौरान पुलिया बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। घटना को लगभग एक वर्ष बीत जाने के बाद भी पुलिया एवं सड़क के पुनर्निर्माण की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि कई बार शिकायत और ज्ञापन देने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने समस्या के समाधान में गंभीरता नहीं दिखाई ।वार्डवासियों ने बताया कि पिछले वर्ष की बारिश में पुलिया के नीचे का हिस्सा पूरी तरह खोखला हो गया था। वहीं सुरक्षा रेलिंग नहीं होने से दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है। आगामी मानसून को देखते हुए ग्रामीणों को भय है कि अस्थायी रूप से तैयार किया गया मार्ग फिर बह सकता है, जिससे गांव का संपर्क पूरी तरह टूट जाएगा।

ग्रामीणों ने अपने खर्च पर बनाया अस्थायी रास्ता-क्षेत्रीय पार्षद धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि तेज बारिश के दौरान पुलिया और उससे जुड़ी सड़क का बड़ा हिस्सा बह गया था, जिससे मुख्य मार्ग पर विशाल गड्ढा बन गया और आवागमन बाधित हो गया। प्रशासन से मदद नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने स्वयं लाखों रुपये खर्च कर मिट्टी और गिट्टी डालकर अस्थायी मार्ग तैयार कराया, लेकिन यह व्यवस्था भी स्थायी समाधान नहीं है। ग्रामीणों ने प्रशासन से ध्वस्त पुलिया एवं सड़क का तत्काल निर्माण, सड़क किनारे मजबूत पिचिंग कार्य, उच्च स्तरीय एवं नवीन पुल का निर्माण, मामले में जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही की जांच तथा निर्माण कार्यों की निगरानी के लिए स्थानीय समिति गठित करने की मांग की है।

सेन समाज ने किया अतिथियों का स्वागत

नवभारत/ गाडरवारा। सेन समाज गाडरवारा द्वारा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार एवं समाज गौरव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि जमना सेन का गाडरवारा आगमन पर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सेन समाज के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने अतिथियों को माँ नर्मदा का छायाचित्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान पिछड़ा वर्ग से जुड़े विभिन्न सामाजिक एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई। जिला प्रभारी अभिषेक सराठे ने पिछड़ा वर्ग समाज के हितों, अधिकारों एवं संगठन की मजबूती को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में राजेंद्र श्रीवास, आकाश सेन, राजेश सराठे, नीलेश श्रीवास, सत्यम श्रीवास, चंचल सराठे, नरेंद्र सेन, सौरभ सेन, नीरज श्रीवास, आकाश भूसे श्रीवास एवं शेखर सराठे सहित बड़ी संख्या में सामाजिक युवाजन उपस्थित रहे।

आजादी के 78 साल बाद भी 'गुलाम' है कमोद-सरेलू सड़क

नवभारत/ गोटेगांव। जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम कमोद से सरेलू और कमोदी के बीच महज 2 किलोमीटर की सड़क 'विकसित भारत' के दावों की पोल खोल रही है। करीब 400 की आबादी वाले इन गांवों में आजादी के बाद से आज तक पक्की सड़क नहीं बन पाई। नतीजा, हजारों ग्रामीण और सैकड़ों स्कूली बच्चे रोज नरक जैसी जिंदगी जीने को मजबूर हैं। कमोद से सरेलू तक जाने वाला यह 2 किमी का कच्चा रास्ता गड्ढों से पटा है। सूखे में धूल के गुबार और बरसात में घुटनों तक कीचड़ में चलना ग्रामीणों की मजबूरी बन गया है। सरेलू से गोटेगांव स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राएं सबसे ज्यादा परेशान हैं। बरसात में यह रास्ता दलदल बन जाता है। फिसलन और कीचड़ के कारण बच्चे आए दिन गिरकर चोटिल होते हैं। कई बार तो स्कूल छोड़ना पड़ता है। इमरजेंसी में मरीज को गांव से गोटेगांव ले जाना सबसे बड़ी चुनौती है। एंबुलेंस तो दूर, बाइक भी इस दलदल में फंस जाती है। कई बार मरीज को खाट पर लादकर 2 किमी पैदल चलना पड़ता है। सड़क न होने से किसानों को फसल मंडी तक ले जाने में भारी दिक्कत होती है। व्यापारी गांव में आने से कतराते हैं। बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। ग्राम सरेलू और कमोदी के निवासी बताते हैं।



आंधी से बांस सड़क पर गिरे, आवागमन बाधित

नवभारत/गोटेगांव। देर शाम आई तेज आंधी और तूफान के कारण लाड़गांव रोड तिगरा के पास मुख्य सड़क के किनारे लगे बांसों का झुरमुट उखड़कर सड़क पर गिर गया। अचानक सड़क पर बांस गिरने से राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि उस समय कोई वाहन या पैदल यात्री बांस की चपेट में नहीं आया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। सड़क पर बांस गिरने से कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित रहा। जबकि कुछ दिन पूर्व इस रोड पर लगे इन झूलते बांसो की खबर अखबारों में भी प्रेषित की गई और आशंका जताई थी जो कि कभी भी चलते राहगीरों के ऊपर गिर सकते हैं लेकिन जिम्मेदार एवं संबंधित विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया गया जिसका खामिया जा यहां से निकलने गुजरने वाले राहगीरों को भोगना पड़ रहा है और गनीमत रही की जब यह बस गिरे तब कोई राहगीर चोटिल नहीं हुआ लेकिन समय रहते संबंधित विभाग अधिकारी ध्यान आकर्षित कर लोगों ने इन्हें हटाने की मांग की है।



बेलगाम डंपरों से हो रही मौतों के खिलाफ ज्ञापन सौंपा

नवभारत/ गाडरवारा। क्षेत्र में बेलगाम डंपरों और तेज रफ्तार भारी वाहनों से लगातार हो रही दुर्घटनाओं एवं मौतों के विरोध में वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश बसेड़िया ने मंगलवार को जिला मुख्यालय नरसिंहपुर पहुंचकर जनसुनवाई में कलेक्टर को चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि गाडरवारा-तेंदूखेड़ा मार्ग तथा गाडरवारा-साईंखेड़ा मार्ग पर बेलगाम और तेज गति से दौड़ रहे डंपरों एवं भारी वाहनों के कारण पिछले कई महीनों से लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन हादसों में अनेक नवयुवकों और परिवारों के मुखियाओं की असमय मृत्यु हुई है, जिससे कई परिवारों का जीवन संकट में पड़ गया है। साथ ही गौवंश एवं अन्य मूक पशुओं की भी सड़क दुर्घटनाओं में लगातार मौतें हो रही हैं। बसेड़िया ने हाल ही में ककरा रोड पर गौसेवक अमोल पटेल की दर्दनाक मृत्यु का उल्लेख करते हुए आमजन के जीवन की सुरक्षा के लिए चार प्रमुख मांगें रखीं— 1. बेलगाम एवं तेज रफ्तार डंपरों तथा अन्य वाहनों के लिए न्यूनतम गति सीमा निर्धारित की जाए। 2. भारी एवं व्यावसायिक वाहनों के संचालन के लिए रात्रि 10 बजे से सुबह 7 बजे तक समय-सीमा निर्धारित की जाए। 3. एनटीपीसी संयंत्र से निकलने वाले भारी वाहनों एवं डंपरों के लिए गाडरवारा, साईंखेड़ा सहित अन्य क्षेत्रों में शीघ्र बायपास मार्ग का निर्माण कराया जाए। 4. तेज रफ्तार एवं लापरवाही से वाहन चलाने वाले चालकों के साथ-साथ वाहन मालिकों पर भी कठोर दंड एवं जुर्माने का प्रावधान किया जाए। ज्ञापन सौंपते हुए बसेड़िया ने कहा कि प्रशासन प्रभावी कदम उठाए ताकि भविष्य में किसी परिवार का चिराग सड़क दुर्घटना का शिकार न बने। इस अवसर पर पशु मानद कल्याण प्रभारी एवं पत्रकार भागीरथ तिवारी, जीवेश चौरसिया तथा गोविंद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार का साईंखेड़ा आगमन

नवभारत/ साईंखेड़ा। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार का दादा जी धूनी वालों की पावन नगरी साईंखेड़ा में आगमन हुआ। उनके आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं समाज के प्रमुख जनों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने संगठनात्मक गतिविधियों, सामाजिक समरसता तथा जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर कार्यकर्ताओं एवं समाज प्रमुखों से विस्तृत संवाद किया। अपने प्रवास के दौरान पवन पाटीदार ने सर्वप्रथम दादा जी धूनी वालों के दरबार पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश और क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने दादा जी धूनी वालों का आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र के विकास एवं समाज की उन्नति के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलने के सिद्धांत पर कार्य कर रहा है। पिछड़ा वर्ग मोर्चा समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए।

भगवान की कथा से मन निर्मल और पापों का होता हैं नाश : सर्वम कृष्ण

नवभारत/ गोटेगांव। पावन पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में गुरु नानक वार्ड, नया बाजार में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर कथाव्यास मधुर वाणी पं. सर्वम कृष्ण शास्त्री जी ने भक्तों को कथा श्रवण का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि भगवान की कथा सुनने से मनुष्य के समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं, मन पवित्र और चित्त निर्मल हो जाता है। मन के विकार दूर होते हैं और शुद्ध मन ही प्रभु की भक्ति कर भगवान से एकाकार हो जाता है।

भक्त शिरोमणि अंबरीष की कथा

कथाव्यास ने भक्त शिरोमणि श्री अंबरीष जी की कथा सुनाते हुए कहा कि सच्ची भक्ति करने वाले भक्त की रक्षा स्वयं भगवान करते हैं और उसके समस्त विघ्न हर लेते हैं।

साधना और सद्कर्म पर जोर

शास्त्री जी ने कहा कि मनुष्य को स्वयं को साधना में लगाना चाहिए जिससे साध्य की प्राप्ति हो। अच्छे कर्म करें, माता-पिता की सेवा करें, गुरु की आज्ञा शिरोधार्य करें, स्वधर्म का पालन करें, स्वाध्याय करें, संत सेवा, दीन-दुखियों की मदद और गौ सेवा करें।

ध्रुव-प्रह्लाद चरित्र का वर्णन: उन्होंने भक्त प्रह्लाद जी एवं ध्रुव जी के चरित्र का सुंदर वर्णन करते हुए कहा कि यदि मनुष्य सच्चे मन से भक्ति करता है तो साक्षात नारायण उसकी रक्षा करते हैं। भगवान अपने भक्त को ध्रुव-प्रह्लाद की तरह अपनी गोद में बिठा लेते हैं।

सूर्यवंश और चंद्रवंश का प्रसंग

कथा में सूर्यवंश का वर्णन कर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के बारे में बताया गया। इसके बाद चंद्रवंश प्रसंग में कंस द्वारा देवकी-वसुदेव के विवाह, आकाशवाणी सुनकर दोनों को कारागार में बंद करने और देवकी के छह पुत्रों का वध करने का वर्णन किया गया। सातवें पुत्र के रूप में योगमाया द्वारा गोकुल में बलदाऊ जी का जन्म और आठवीं संतान के रूप में श्रीकृष्ण चंद्र जी के जन्म की कथा सुनाई गई।

धूमधाम से मना जन्मोत्सव

श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनते ही पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। भक्तों ने बहुत धूमधाम से बधाई गाई, मनमोहक झांकियां सजाई गई। भगवान का जन्मोत्सव बड़े उत्साह से मनाया गया और प्रसाद स्वरूप हरीरा बांटा गया। गुरु नानक वार्ड एवं नगर के समस्त भक्तजनों ने पुरुषोत्तम मास में झूम-झूम कर भगवान का जन्मोत्सव मनाया। बाल मंडली, युवा रामायण मंडल एवं मातृशक्ति भजन-कीर्तन मंडली ने भजनों से पूरे पंडाल को भक्तिमय बना दिया।

आंधी-तूफान में मुख्य सड़क पर गिरा सूचना बोर्ड

नवभारत/ गोटेगांव। बीती देर शाम आई आंधी-तूफान और तेज हवाओं के कारण नगर की मुख्य सड़क पेट्रोल पंप पर लगा भारी भरकम सूचना बोर्ड गिर गया। गनीमत रही कि उस समय कोई राहगीर या वाहन नीचे से नहीं गुजर रहा था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। सूचना बोर्ड के अचानक सड़क पर गिरने से मुख्य मार्ग पर यातायात कुछ देर के लिए प्रभावित हो गया। राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही नगर पालिका अमला मौके पर पहुंचा और बोर्ड को सड़क से हटाकर यातायात बहाल कराया। स्थानीय लोगों का कहना है कि सूचना बोर्ड की नींव और फिटिंग कमजोर थी। तेज हवा का झोंका भी नहीं सह पाई। लोगों ने मांग की है कि नगर में लगे सभी बड़े होर्डिंग और सूचना बोर्डों की मजबूती की जांच की जाए, ताकि भविष्य में कोई जनहानि न हो।